# BULANDSHAHR POLICE

**दिनाँक 28 मई, 2025** **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना खुर्जा देहात**

## 06 वर्ष की नाबालिग बच्ची के साथ बलात्कार करने वाले बदमाश से थाना खुर्जा देहात पुलिस की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा व कारतूस बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 28.05.2025 को थाना खुर्जा देहात पुलिस टीम द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर नाबालिग बच्ची के साथ बलात्कार के आरोपित की तलाश में ग्राम नंगला चीती के पास जंगल में ट्यूबवैल पर दबिश दी गयी तो बदमाश ट्यूबवैल पर लेटा हुआ था। बदमाश द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान रविन्द्र पुत्र राजपाल निवासी ग्राम नंगली चीती थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई हैं, जिसको उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा व कारतूस बरामद हुआ है।

उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म का अपराधी हैं। जिसके द्वारा दिनांक 27.05.2025 को थाना खुर्जा देहात क्षेत्रान्तर्गत एक 06 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना खुर्जा देहात पर मुअसं 201/25 धारा 65(2)/351(2) बीएनएस व 5M/6 पोक्सो एक्ट बनाम रविन्द्र उपरोक्त पंजीकृत है। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे थे।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1. रविन्द्र पुत्र राजपाल निवासी ग्राम नंगली चीती थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर ।

**बरामदगी-**

1- 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस।

**अभियुक्त रविन्द्र का आपराधिक इतिहास-**

1- मुअसं-204/13 धारा 302 भादवि थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर।
2- मुअसं- 201/25 धारा 65(2)/351(2) बीएनएस व 5M/6 पोक्सो एक्ट थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर।
3- मुअसं-202/25 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना खुर्जा देहात पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1- श्री मौहम्मद असलम प्रभारी निरीक्षक थाना खुर्जा देहात।
2- निरीक्षक श्री संजीव बालियान, उ0नि0 धीरज राठी, उ0नि0 सवित कुमार।
3- है0का0 विवेक कुमार, है0का0 नितिन कुमार, है0का0 धर्मवीर, है0का0 नवीन कुमार।











**मीडिया सेल बुलंदशहर**